भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5451

जिसका उत्तर दिनांक 05.04.2023 को दिया जाना है

स्पेन्ट न्यूक्लियर फ्यूल का भंडारण

5451. डॉ. डी. रविकुमार :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कुडनकुलम परमाणु विद्युत संयंत्र (केएनपीपी) द्वारा राष्ट्रीय ग्रिड को प्रदान की जाने वाली ऊर्जा की हिस्सेदारी का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने स्पेन्ट न्यूक्लियर फ्यूल (एसएनएफ) के भंडारण की समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) क्या केंद्र सरकार ने एसएनएफ को इकाई परिसर के भीतर अवे फ्रॉम रिएक्टर सुविधा में स्थायी रुप से रखने के निर्णय के बारे में तमिलनाडु राज्य सरकार से परामर्श किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) वर्ष 2021-22 में, केकेएनपीपी 1 व 2 (2 X 1000 मेगावाट) ने 14536 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जो कुल उत्पादित बिजली का लगभग 1% हिस्सा है।

(ख) जी, हां। भुक्तशेष नाभिकीय ईंधन (एसएनएफ) के भंडारण का पहला स्थान रिएक्टर / भुक्तशेष ईंधन भंडारण भवन के अंदर स्थित है, जिसे सामान्यतः भुक्तशेष ईंधन भंडारण पूल / खाड़ी के रूप में जाना जाता है। उपरोक्त के अलावा, भुक्तशेष ईंधन का भंडारण करने के लिए संयंत्र परिसर के अंदर रिएक्टर से दूर एक अन्य भंडारण सुविधा स्थित है जिसे 'रिएक्टर से दूर' (एएफआर) सुविधा कहा जाता है।

(ग) भारत ने एक पूर्ण ईंधन चक्र नीति अपनाई है जिसके तहत कार्यक्रम के अगले चरण के लिए ईंधन प्राप्त करने हेतु एसएनएफ का पुनर्संसाधन किया जाता है। इस प्रकार एसएनएफ को संयंत्र परिसर के अंदर स्थित एएफआर सुविधा में केवल अस्थायी रूप से भंडारित किए जाने का प्रस्ताव है, जब तक कि इसे पुनर्संसाधन के लिए पुनर्संसाधन संयंत्र में नहीं भेजा जाता है। एएफआर तारापुर, महाराष्ट्र और रावतभाटा, राजस्थान जैसे अन्य स्थलों पर पहले से ही निर्मित और प्रचालित हैं।

* * * * *